Hindustan (Hindi)

Date..25-02-18

Page.No. 25

आईटीएस में 148 छात्रों को डिग्री दी

मुरादनगर। आईटीएस डेन्टल कॉलेज में शनिवार को 9वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री वीके सिंह ने 148 छात्रों को डिग्रीयां दी। कॉलेज के निदेशक विनोद सचदेव ने स्नातकों तथा स्नाकोत्तरों को शपथ दिलाई। विश्वविद्यालय में एमडीएस मे प्रथम स्थान के लिए डॉ.आस्का सेठी, द्वितीय स्थान के लिए डॉ.मेघा नागपाल, तृतीय स्थान के लिए डॉ. श्रेया बंसल, चतुर्थ स्थान के लिए डॉ. प्रियका कटयाल और पांचवें स्थान के लिए डॉ. विकास चौहान को मेडल दिया गया।

Amar Ujala

Page No.. **13**

Date..**25-02-18**

दीक्षांत समारोह में छात्रों को बांटी डिग्री

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में शनिवार को दीक्षांत समारोह

में बीडीएस और एमडीएस के 148 छात्रों को डिग्री वितरित की गई। शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री पूर्व जनरल वीके सिंह, कालेज के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा, यूसएस कृष्णा नायक, एबी शेट्टी, डा. आरके खंडल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप जला किया। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री पूर्व जनरल वीके सिंह ने कहा कि आईटीएस कॉलेज के चिकित्सकों, प्रोफेसर और अध्ययनरत छात्रों ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में काफी योगदान दिया है। निदेशक डा. विनोद सचदेव ने स्नातकों, स्नातकोत्तरों को शपथ ग्रहण कराई। विवि में एमडीएस में प्रथम स्थान के लिए डा. आस्का सेठी, द्वितीय स्थान डा. मेघा नागपाल, तृतीय स्थान के लिए डा.श्रेया बंसल, चतुर्थ स्थान के लिए डा. प्रियंका कटयाल, पांचवें स्थान के लिए डा. विकास चौहान को मेडल व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ब्यूरो

Nav Bharat Times

Date...26-02-18

Page.No. 04 (GZB)

दीक्षांत समारोह हुआ

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगरः दिल्ली-मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में शनिवार शाम को 13वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद जनरल वीके सिंह ने कहा कि दंत चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्र में प्रैक्टिस करें और लोगों को दांतों से संबंधित बीमारियों और उनसे बचने के बारे में जरूरी जानकारी दें।